तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

12 शीतला मंदिर में 26 ज्योति कलश स्थापित



11 ब्लॉक स्तरीय सतनाम भवन का लोकार्पण 53 गांवों ...



बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

नवरात्रि विशेष



तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है। पिंडजप्रवारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता। प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

छत्तीसगढ़ के 31,022 गन्ना किसानों को मिलेगा 51.09 करोड़ रुपए का बोनस

हरिभूमि न्यूज:बालोद

छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश के गन्ना किसानों को बड़ी सौगात देते हुए गन्ना बोनस की गणना का आधार 355 रुपए से बढ़ाकर 425 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में लिए गए इस निर्णय से पेराई सत्र 2025.26 में प्रदेश के चार सहकारी शक्कर कारखानों को गन्ना आपूर्ति करने वाले किसानों को लगभग 51.09 करोड़ रुपए का बोनस मिलेगा। इस निर्णय से बालोद जिले के दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाने से जुड़े किसानों को भी लाभ मिलेगा। कलेक्टर दिव्या उमेश मश्रिा के मार्गदर्शन में शासन की किसान हितैषी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया जा रहा है। राज्य सरकार का यह निर्णय गन्ना किसानों को उनकी मेहनत का बेहतर प्रतिफल देने और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने प्रदेश के गन्ना किसानों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सहकारिता मंत्री कश्यप ने कहा कि बोनस की गणना का आधार बढ़ने से किसानों को अधिक आर्थिक लाभ मिलेगाए इससे उन्हें खेती की लागत पूरी करने, आगामी फसल की तैयारी करने और गन्ना उत्पादन को प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी।

बालोद के दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाने से जुड़े 762 किसानों को मिलेगा लगभग 3.52 करोड़ रुपए

आय में वृद्धि के प्रयासों को भी मजबूती मिलेगी

राज्य सरकार के इस निर्णय से सहकारी शक्कर कारखानों से जुड़े हजारों गन्ना किसानों को आर्थिक संबल मिलेगा। बोनस राशि से किसानों को कृषि संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करने और आगामी फसल की तैयारी में सहायता मिलेगी। इससे प्रदेश में गन्ना उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों की आय में वृद्धि के प्रयासों को भी मजबूती मिलेगी।



7,250 किसानों को 11.35 करोड़ का बोनस मिलेगा

पेराई सत्र 2025.26 के लिए गन्ने का उचित एवं लाभकारी मूल्य एफआरपी 329.05 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित आधार पर लिया गया है। बोनस की गणना के लिए निर्धारित 425 रुपए में से एफआरपी की राशि घटाने पर किसानों को 95.95 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बोनस मिलेगा। इस निर्णय के तहत दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना, बालोद से जुड़े 762 किसानों को लगभग 3.52 करोड़ रुपए का बोनस मिलेगा वहीं भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कवर्धा के 14,961 किसानों को लगभग 24.55 करोड़ रुपए, सरदार पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया के 8,049 किसानों को लगभग 11.68 करोड़ रुपए तथा महामाया सहकारी शक्कर कारखाना केरता के 7,250 किसानों को लगभग 11.35 करोड़ रुपए का बोनस मिलेगा।

3049 लाख रुपए के अनुमानित बजट में धरातल पर केवल अटल परिसर का निर्माण का दावा

बालोद नगर पालिका के 14 विकास कार्यों में 13 अधूरे, बजट के दावों पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज:बालोद



नगर पालिका परिषद बालोद द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए पेश किया गया। अनुमानित आय व्यय का बजट अब तक महज एक रंगीन बुकलेट और चुनावी जुमला बनकर रह गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले बजट में नगर पालिका प्रशासन ने हमने बनाया हैए हम ही संवारेंगे का आकर्षक नारा देकर जनता के सामने 14 महत्वाकांक्षी योजनाओं और विकास कार्यों की लंबी चौड़ी फेहरस्ति पेश की थी। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इन 14 प्रस्तावित वादों में से केवल क्रमांक 6 पर दर्ज अटल परिसर का नर्मिाण ही धरातल पर दिख सका हैए बाकी के 13 महत्वपूर्ण कार्य अब तक केवल फाइलों की धूल फांक रहे हैं।

ट्रिपल इंजन की सरकार ने अपने पहले वित्तीय वर्ष के लिए लगभग 3049.00 लाख ;30 करोड़ से अधिकद्ध की अनुमानित आय और 3046.46 लाख के भारी.भरकम व्यय का खाका खींचा था। बजट पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर बड़े बड़े अक्षरों में जनता को आधुनिक शहर के सपने दिखाए गए थे। लेकिन दूसरे वित्तीय वर्ष के 6 माह बीत जाने के बावजूद शहर की जनता खुद को ठगा सा महसूस कर रही है। शहरवासियों का कहना है कि पालिका प्रशासन का ध्यान सर्फि वाहवाही लूटने और ब्रोशर छपवाने तक सीमित है, धरातल पर काम कराने की कोई राजनीतिक या प्रशासनिक इच्छाशक्ति नहीं दिखती।

जहां तांदुला रिवर फ्रंट निर्माण के तहत शहर के ड्रीम प्रोजेक्ट का दावा सिर्फ तस्वीरों तक सीमित रहा। खेल एवं योग प्रोत्साहन में युवाओं और खिलाड़ियों के हाथ केवल निराशा लगी। प्रमुख चौकों का सौंदर्यीकरण मे शहर के चौराहे आज भी बदहाल और अव्यवस्थित हैं। विद्युत पोल विस्तारीकरण व प्रकाश व्यवस्था के तहत कई वार्डों की गलियां आज भी अंधेरे में डूबी हैं। तालाबों की सफाईए संरक्षण व सौंदर्यीकरण के तहत ऐतिहासिक तालाब गंदगी और जलकुंभी से पटे पड़े हैं। बाजार व्यवस्थापन के तहत स्थानीय व्यापारियों और खरीदारों को जाम व अव्यवस्था से कोई मुक्ति नहीं मिली है। महतारी सदन का संरक्षण के नाम पर एक ईंट तक नहीं रखी गई। महिलाओं के लिए पृथक व्यायाम शाला के तहत शहर की महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ा यह वादा पूरी तरह भुला दिया गया है। मुख्य मार्गों में प्रवेशद्वार नर्मिाण शहर के मुख्य प्रवेश मार्ग आज भी पहचान के मोहताज हैं। आकांक्षीय शौचालयों की स्थापना स्वच्छता के बड़े दावों के बीच सार्वजनिक शौचालय भी नदारद हैं। शहरी गौधाम योजना के तहत सड़कों पर आवारा मवेशी आज भी हादसों का सबब बन रहे हैं। पेयजल सुविधा पूर्ण कराना शहर के कई इलाकों में लोग आज भी बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। युवा प्रोत्साहन के तहत युवाओं के रोजगार और कौशल विकास की योजनाएं भी केवल कागजी घोषणा साबित हुई हैं। बजट के आंकड़ों पर नजर डालें तो पालिका की वास्तविक आय 268.14 लाख दर्शाई गई थीए जिसमें से 193.50 लाख यानी 72 प्रतिशत भारी.भरकम राशि केवल स्थापना व्यय ;वेतन व प्रशासनिक खर्चों में खप जाती है। जब बजट का बड़ा हिस्सा प्रशासनिक व्यवस्था में ही खर्च हो जाता है तो शहर के विकास ▶▶शेष पेज 10 पर

बालोद में नशीली दवाइयों के कारोबार का खुलासा

तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज:बालोद

- ट्रामाडोल के 737 कैप्सूल, तीन मोबाइल और स्कूटी जब्त

जिले में नशीली दवाइयों के अवैध कारोबार के खिलाफ बालोद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ट्रामाडोल की कुल 737 कैप्सूल, तीन मोबाइल फोन और एक स्कूटी जब्त की है। बरामद नशीली दवाइयों की कीमत लगभग 4,790.50 रुपये बताई गई है। तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 (गद्ध के तहत कार्रवाई कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 10 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली कि टिकरापारा बालोद निवासी सुशील कुमार आर्य उर्फ साईं काले रंग की होंडा डियो स्कूटी क्रमांक सीजी 24 वी 7412 में नशीली दवाइयां रखकर बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर नियमानुसार तलाशी ली। इस दौरान स्कूटी की डिक्की में रखी लाल पॉलीथीन से ट्रामाडोल की 449 कैप्सूल बरामद हुईं। इनकी कीमत लगभग 2,918.50 रुपये बताई गई। पुलिस ने आरोपी का वीवो कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल फोन और करीब 60 हजार रुपये कीमत की स्कूटी भी जब्त की। पुलिस के अनुसार पूछताछ एवं मेमोरेंडम कथन के आधार ▶▶शेष पेज 10 पर

खबर संक्षेप

असामाजिक तत्वों पर की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई



बालोद। जिले के थाना बालोद क्षेत्र में गांजा, शराब एवं नशीली दवाइयों की बिक्री और अन्य असामाजिक गतिविधियों को लेकर मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस ने 9 अक्टूबर को रेड कार्रवाई की। इस दौरान मोहल्ले में शांति भंग होने और संज्ञेय अपराध की आशंका को देखते हुए चार व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध पहले भी शिकायतें मिल रही थीं। कार्रवाई के दौरान गांजा एवं नशीले पदार्थों के सेवन से क्षेत्र में अशांति की आशंका के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस की धारा 170, 126 एवं 135(3) के तहत इस्तगासा तैयार कर चारों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कार्रवाई के तहत वार्ड क्रमांक 5 बालोद निवासी गजेन्द्र यादव 23 वर्ष, वार्ड क्रमांक 2 संजय नगर बालोद प्रियांशु धीमर 23 वर्ष, वार्ड क्रमांक 25 दल्ली राजहरा निवासी नवशाद अंसारी 37 वर्ष और किशन साहू 38 वर्ष के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। बालोद पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि क्षेत्र में मादक पदार्थों की बिक्री, अवैध गतिविधियों या शांति भंग करने वाले कृत्यों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। पुलिस के अनुसार सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

महमरा एनीकट के आसपास गंदगी का लगा अंबार

दुर्ग। तस्वीर महमरा एनीकट घाट की है, जहां पिछले लंबे समय से कचरे की गंदगी पसरी हुई है। पितृपक्ष में तर्पण और अन्य संस्कारों के लिए लोग नदी तट पहुंच रहे हैं। गंदगी की वजह से उन्हें खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

चार मांगों को लेकर सड़क पर उतरे किसान

डौंडी में रैली निकाल सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज:डौंडी



- एससडीएम कार्यालय स्थानीय स्तर पर शुरू करने और खेतों के रास्तों से अतिक्रमण हटाने की मांग

क्षेत्रीय समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर किसान संघ डौंडी ने 12 अक्टूबर को रैली निकालकर प्रशासन के समक्ष अपनी आवाज बुलंद की। महिला और पुरुष किसान बड़ी संख्या में तहसील कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर बालोद के नाम चार सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार देवेंद्र नेताम को सौंपा।

संघ ने चेतावनी दी कि मांगों पर समयबद्ध कार्रवाई नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन सहित आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में किसानों ने डौंडी में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय का संचालन शुरू करने की मांग प्रमुखता से उठाई। संघ के अनुसार, कार्यालय भवन का निर्माण हुए सात-आठ महीने बीत चुके हैं, लेकिन कार्यालय का संचालन अब भी दल्ली राजहरा से किया जा रहा है। इससे किसानों और ग्रामीणों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए परेशानी उठानी पड़ती है। संघ ने स्थानीय भवन से ही कार्यालय का संचालन शुरू करने की मांग की।

दूसरी मांग नगर पंचायत क्षेत्र और खेतों तक पहुंचने वाले रास्तों से अतिक्रमण हटाने की है। संघ का आरोप है कि रास्तों पर कब्जे के कारण किसानों को खेतों तक पहुंचने में दिक्कत होती है, जिससे खेती-किसानी के काम प्रभावित होते हैं। किसानों ने रास्तों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की। ▶▶शेष पेज 10 पर

आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग

सतपता के दोहरे हत्याकांड से धोबी समाज में आक्रोश, दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज:अंडा

- प्रदेश अध्यक्ष ने त्वरित कार्यवाही की मांग की

जिले के विश्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत सतपता में हुए दोहरे हत्याकांड की छत्तीसगढ़ धोबी समाज ने कड़े शब्दों में निंदा की है। समाज ने शा स की य शिक्षिका रजनी बरेठ और उनके पुत्र सुजाल बरेठ की हत्या पर आक्रोश जताते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। समाज ने पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी है कि तीन दिनों के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जा सकता है। समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने क्षेत्रीय विधायक, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक भुलन सिंह मरावी और जिला पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल से त्वरित कार्रवाई की मांग की। समाज के महासचिव अशोक छाटाने ने बताया कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। दोनों विधायकों ने पुलिस अधिकारियों के लगातार संपर्क में रहने और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए आवश्यक निर्देश देने की बात कही है।

जांच के लिए संयुक्त समिति गठित

घटना की जानकारी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में सामने आने के बाद समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया। समाजजनों ने प्रदेश अध्यक्ष से उग्र आंदोलन शुरू करने की मांग की। इस पर सूरज निर्मलकर ने समझाइश देते हुए कहा कि समाज पहले उचित मंच पर अपनी बात रखेगा। कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने घटना की जांच के लिए संभागीय अध्यक्ष राकेश रजक, सूरजपुर जिला अध्यक्ष धर्मपाल रजक सहित सभी जिला अध्यक्षों और परिक्षेत्रीय अध्यक्षों की संयुक्त जांच समिति गठित की है। समिति को घटनास्थल पर जाकर मामले की पड़ताल करने, घटना के कारणों की जानकारी जुटाने और जांच अधिकारियों को सहयोग देने के निर्देश दिए गए हैं।

रायगढ़ में हुआ दोनों मृतकों का अंतिम संस्कार

दोहरे हत्याकांड में जान गंवाने वाली शासकीय शिक्षिका रजनी बरेठ और उनके पुत्र सुजाल बरेठ का अंतिम संस्कार रायगढ़ के मुक्तिधाम में किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने रायगढ़ जिला अध्यक्ष अवधेश सोन को मृतकों के परिजनों से मिलने और अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए निर्देशित किया। मामले की जांच और कार्रवाई की मांग करने वालों में सामाजिक चिंतक संतराम कन्नौजे, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष चैतराम निर्मलकर, प्रदेश महामंत्री भोजराम कारसेल, जगन्नाथपुर के परिक्षेत्रीय अध्यक्ष अश्विनी निर्मलकर, कोषाध्यक्ष बेदीराम निर्मलकर, युवा प्रदेश अध्यक्ष अंबे बाघमार, महामंत्री चिंटू निर्मलकर, प्रदेश संगठन ▶▶शेष पेज 10 पर

लंबित फसल बीमा राशि का शीघ्र भुगतान मांग की

फसल बीमा नहीं मिलने से नाराज किसान पहुंचे जनदर्शन, ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज:बालोद



ग्राम खैरा कुम्हालोरी के किसान फसल बीमा की राशि नहीं मिलने और स्थानीय ग्राम सेवक के कथित दुर्व्यवहार से परेशान होकर सोमवार को कलेक्टोरेट जनदर्शन पहुंचे। किसानों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कराने और लंबित फसल बीमा राशि का शीघ्र भुगतान सुनश्चिति करने की मांग की।

ग्रामीणों के अनुसार गांव में 100 एकड़ से अधिक क्षेत्र में चना की फसल लगाई गई थी। प्राकृतिक आपदा और प्रतिकूल मौसम के कारण 70 एकड़ से अधिक क्षेत्र की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई थी। प्रभावित किसानों ने नियमानुसार फसल बीमा भी कराया था। इसके बावजूद 105 से अधिक किसानों में से केवल चार किसानों को ही बीमा राशि मिलने की बात सामने आई है। शेष किसानों को अब तक लाभ नहीं मिलने से उनमें नाराजगी है।

किसानों का आरोप है कि फसल बीमा की स्थिति और भुगतान की जानकारी लेने के लिए जब वे स्थानीय ग्राम सेवक के पास जाते है तो उन्हें संतोषजनक जवाब देने के बजाय कथित तौर पर अभद्र व्यवहार कर वहां से जाने को कहा जाता है। किसानों का कहना है कि एक ओर प्राकृतिक आपदा से फसल बर्बाद हुई, वहीं दूसरी ओर बीमा राशि के लिए उन्हें सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

जनदर्शन में ज्ञापन सौंपकर किसानों ने प्रशासन से फसल बीमा प्रकरणों की जांच कर पात्र किसानों की स्थिति स्पष्ट करने और लंबित राशि का भुगतान कराने की मांग की है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का जल्द निराकरण नहीं किया गया, तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अब किसानों की निगाहें जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं।

सभापति ने किया बालिका शौचालय निर्माण का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज:गुरूर

- बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान प्राथमिकता : लता

बालिकाओं के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में जनपद पंचायत गुरूर अंतर्गत ग्राम पंचायत घोघोपूरी के स्कूल में बालिका शौचालय नर्मिाण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया।

जनपद पंचायत गुरूर की सभापति लता लक्ष्मीचंद साहू की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जनपद पंचायत सभापति लता लक्ष्मीचंद साहू ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सम्मान को प्राथमिकता देना हम सभी की जम्मिेदारी है। विद्यालयों में बालिका शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता से छात्राओं को बेहतर वातावरण ▶▶शेष पेज 10 पर

खबर संक्षेप

प्रदर्शन में शामिल होने रवाना हुए कांग्रेसी

दुर्ग। दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए कांग्रेसी कार्यकर्ता दिल्ली रवाना हुए। ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर रविवार देर शाम रायपुर के माना विमानतल से दिल्ली के लिए रवाना हुए। कांग्रेस द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पार्टी के विधायक, जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्ष, पूर्व विधायक तथा वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहले ही दिल्ली पहुंच चुके हैं। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित छत्तीसगढ़ के अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी की आवाज बुलंद करेंगे। दिल्ली रवाना होने से पहले जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक संस्थाओं और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया की रक्षा आज एक महत्वपूर्ण सवाल बन गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका, चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता, फार्म-6 में किए गए बदलावों तथा वोट चोरी जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज राष्ट्रीय मंच पर उठाएगी।

जनदर्शन में दिए मुलभूत सुविधाओं के आवेदन

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में निवासरत नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं, मांगों और विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए निगम मुख्य कार्यालय के सभागार कक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया गया। निगम आयुक्त सुरुचि सिंह के निर्देशानुसार आयोजित जनदर्शन में उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे की उपस्थिति में नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन में कुल 15 नागरिकों द्वारा सड़क, नाली, सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित मांग और शिकायतों को लेकर आवेदन दिए गए। अधिकारियों द्वारा नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित शाखा के अधिकारियों को आवेदनों का परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

अनुदान प्राप्त कॉलेजों के शिक्षकों व कर्मियों की पेंशन हो बहाल

भिलाई। बहुजन समाज पार्टी द्वारा राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश दिनांक 01-09-2026 के शासन के इस आदेश से प्रदेश के हजारों सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ घोर अन्याय हुआ है। शासन ने 100% अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों के पेंशनरों को उसी वेतनमान में पेंशन देने के प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद में अमान्य कर दिया है। 2010 से चले आ रहे आदेश को भी निरस्त कर दिया है, जिसके तहत पेंशनरों को ग्रेच्युटी एवं पेंशन मिल रही थी। उन्होंने कहा कि, जिन शिक्षकों ने अपना पूरा जीवन शिक्षा के क्षेत्र में दिया, आज वृद्धावस्था में सरकार उन्हें लोकहित में नहीं कह कर पेंशन से वंचित कर रही है।

नन्हे स्केटर्स ने राज्य स्तर पर जीते सात पदक, बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज:दल्लीराजहरा

मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के दम पर दल्लीराजहरा के नन्हे स्केटर्स ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए नगर सहित बालोद जिले का मान बढ़ाया है। 19वीं छत्तीसगढ़ स्टेट रोलर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2026 में खिलाड़ियों ने कुल 7 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का दमदार प्रदर्शन किया। इनमें 2 स्वर्ण, 4 रजत और 1 कांस्य पदक शामिल हैं।(प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 11 अक्टूबर तक केपीएस सरोना, रायपुर और नया रायपुर में किया गया, जिसमें प्रदेशभर के सैकड़ों खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच दल्लीराजहरा के स्केटर्स ने बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी मेहनत का परिणाम पदकों के रूप में हासिल किया। **दिशिका के दो स्वर्ण, तेजस के दो रजत:** प्रतियोगिता में 10 से 12 वर्ष आयु वर्ग में दिशिका कुकरेजा ने 1-लैप और 2-लैप, दोनों रेस में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। इसी आयु वर्ग में याशिका कुकरेजा ने 2-लैप रेस में रजत और 1-लैप रेस में कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं, 6 से 8 वर्ष आयु वर्ग में तेजस जैन ने दोनों रेस में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा साबित की। 8 से 10 वर्ष आयु वर्ग में रिशाल सिंह ने 2-लैप रेस में रजत पदक हासिल किया। टीम के अन्य प्रतिभागियों में सानवी जंघेल, तनय जैन और निश्चय राणा भी शामिल रहे।

दिशिका कुकरेजा ने दो स्वर्ण जीतकर रचा गौरव, 2 स्वर्ण, 4 रजत और 1 कांस्य पदक पर जमाया कब्जा



संसाधन सीमित, हौसले बुलंद; सड़क पर अभ्यास से मिली सफलता

इस उपलब्धि की खास बात यह है कि खिलाड़ियों ने विशेष स्केटिंग ट्रैक और अत्याधुनिक सुविधाओं के अभाव में सामान्य सड़क पर अभ्यास कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में यह मुकाम हासिल किया। सीमित संसाधनों के बावजूद बच्चों के इस प्रदर्शन ने साबित किया कि प्रतिभा को सही मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत मिले तो बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। टीम के कोच श्रेयांश यश चंद ने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि बच्चों ने नियमित अभ्यास, अनुशासन और पूरी लगन के साथ तैयारी की। पहली ही कोशिश में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में इस तरह का प्रदर्शन उत्साहजनक है। उन्होंने खिलाड़ियों की सफलता का श्रेय उनकी मेहनत और समर्पण को देते हुए अभ्यास एवं तैयारी में सहयोग के लिए दल्लीराजहरा रेलवे प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

बैठक : मुख्यमंत्री की घोषणाओं और जनदर्शन के लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने निर्देश

समय-सीमा की बैठक में योजनाओं की समीक्षा, मतदाता सूची अद्यतन करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनश्चिति करने और आम नागरिकों तक शासकीय सेवाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक आयोजित की गई। अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विभन्नि विभागों के कार्यों योजनाओं की प्रगति, लंबित प्रकरणों, मुख्यमंत्री की घोषणाओं और मुख्यमंत्री जनदर्शन से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में अपर कलेक्टर वैद्य ने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय और जम्मिदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन, लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण और पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना सुनश्चिति किया जाए। साथ ही मतदाता सूची की सतत निगरानी करते हुए उसमें आवश्यक सुधार और अद्यतन की कार्रवाई पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा जिले के लिए की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन की वस्तिार से समीक्षा की गई। अपर कलेक्टर वैद्य ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय-सीमा किया जाए। लंबित कार्यों की नियमित समीक्षा कर उनके निराकरण में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने स्तर पर लंबित कार्यों की स्थिति की समीक्षा करें और उन्हें पूरा करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करें। शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों में अनावश्यक देरी न हो तथा प्रत्येक कार्य की प्रगति पर नियमित निगरानी रखी जाए।

बैठक में मतदाता सूची के सतत निरीक्षण, निगरानी और अद्यतन की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया। अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची से जुड़े कार्यों की नियमित समीक्षा करें तथा निर्धारित दिशा.निर्देशों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्ति करें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने संशोधन करने और अन्य आवश्यक सुधारों से संबंधित कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए। पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए जागरूक किया जाए तथा संबंधित अधिकारियों के बीच समन्वय बनाकर कार्यों की प्रगति की नियमित निगरानी की जाए, ताकि नर्विाचन संबंधी कार्य व्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से पूरे हो सकें। बैठक में एग्रीस्टैक सहित विभन्नि विभागों से संबंधित लंबित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए लंबित मामलों का समय.सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यों में अनावश्यक विलंब से आम नागरिकों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करें और निराकरण की प्रगति पर विशेष ध्यान दें, ताकि लोगों को शासकीय सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके।

अपर कलेक्टर ने जिले के विभन्नि विभागों के जर्जर शासकीय भवनों की स्थिति की जानकारी लेते हुए उनकी मरम्मत की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भवनों का आकलन कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। जहां नए शासकीय भवनों के नर्मिाण की आवश्यकता है, वहां प्रस्ताव तैयार कर नर्धिारित प्रक्रिया के अनुसार समय.सीमा में आगे की कार्रवाई सुनश्चिति करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि शासकीय भवन सुरक्षित और व्यवस्थित होने चाहिएए ताकि विभागीय कामकाज सुचारु रूप से संचालित हो सके और नागरिकों को सेवाएं प्राप्त करने में परेशानी न हो। बैठक में जनदर्शन और समय.सीमा के तहत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए अपर कलेक्टर ने उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसलिए प्रत्येक विभाग प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता से कार्रवाई करे और नर्धिारित समय.सीमा में उनका निराकरण सुनिश्चित करें।

विश्व अर्थराइटिस दिवस पर बालोद में जेल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज:बालोद

विश्व अर्थराइटिस दिवस के अवसर पर जिला जेल बालोद में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन स्पेशल थेरेपी सेंटरए होम्योपैथी औषधालय एवं योग वेलनेस सेंटर बालोद द्वारा किया गया।

- बंदियों को गठिया रोग से बचाव की दी जानकारी

शिविर में बंदियों को जोड़ों के स्वास्थ्य, अर्थराइटिस ;गठिया रोगद्ध से बचाव तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में जानकारी दी गई।शिविर में विशेषज्ञ चिकत्सिक डॉ। रामेश्वरी ने अर्थराइटिस रोग के लक्षणों कारणों और बचाव के उपायों के बारे में विष्तार से बताया। उन्होंने जोड़ों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने और समय पर चिकत्सिकीय परामर्श लेने के महत्व पर प्रकाश डाला। होम्योपैथी चिकत्सिा अधिकारी डॉ. कमलेश वर्मा ने वात रोगों के उपचार में होम्योपैथी चिकत्सिा की उपयोगिता की जानकारी दी। वहीं योग चिकत्सिक डॉ पुष्पांजलि ने जोड़ों को स्वस्थ रखने के लिए उपयोगी योगाभ्यास कराया तथा नियमित योग करने के लाभ बताए। इस अवसर पर शिविर में उपस्थित लोगों को निःशुल्क औषधियों का वितरण भी किया गया। शिविर का उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को रोगों से बचाव के लिए उचित उपचार, योगाभ्यास एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

सेवा संकल्प अभियान

आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में योग और ध्यान सत्र आयोजित



बालोद। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशनुसार जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं आयुष विभाग के तत्वावधान में जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में योग एवं ध्यान सत्र आयोजित किए गए। इसका उद्देश्य लोगों को योग, प्राणायाम और ध्यान के महत्व से अवगत कराना तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम सुबह 7 बजे से 8 बजे तक आयोजित किया गया। इसकी शुरुआत भगवान श्री धन्वंतरि एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना से हुई। इसके बाद आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को 12 प्रकार के योगासन और 5 प्रकार के प्राणायाम का अभ्यास कराया। मानसिक शांति, एकाग्रता और तनाव कम करने के उद्देश्य से 15 मिनट तक ध्यान भी कराया गया। कार्यक्रम में ग्रामों के सरपंच, छात्र छात्राएं, शिक्षक, आयुष विभाग के अधिकारी कर्मचारी और ग्रामीण शामिल हुए। समापन पर प्रतिभागियों को अंकुरित आहार एवं आयुष काढ़ा वितरित किया गया।

महिला मोर्चा ने कांग्रेस सांसद के विरोध में किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज:बालोद

नारी का सम्मान राष्ट्र का सम्मान और नारी शक्ति अब चुप नहीं रहेगी के बुलंद नारों के साथ जिला भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने जिला मुख्यालय स्थित जय स्तंभ, अटल चौक पर जोरदार आक्रोश प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया।

- जेएनयू में छात्राओं से कथित दुर्व्यवहार के मामले में जताया



प्रदर्शन जेएनयू में छात्राओं के साथ कथित दुर्व्यवहार के मामले को लेकर मणिपुर से कांग्रेस सांसद डॉ. अगोमचा बिमोल अकोइजम एवं कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ आयोजित किया गया। महिला मोर्चा ने इस मामले में कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए संबंधित सांसद से देश की बेटियों से माफी मांगने तथा कांग्रेस नेतृत्व से उन्हें तत्काल पार्टी से निष्काषित करने की मांग की।

जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के निर्देसानुसार जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष मोना टुवानी के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में जिलेभर से महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुईं। कार्यक्रम में जिला भाजपा पदाधिकारी, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, मंत्री प्रेम साहू, प्रवक्ता जितेंद्र साहू, नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता तथा भाजपा के विभन्नि मोर्चों के पदाधिकारी और वरष्ठि एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भी सहभागिता की। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता शहर स्थित बिजली कार्यालय के समीप रेस्ट हाउस के पास एकत्रित हुए। यहां से कार्यकर्ता हाथों में पुतला लेकर पैदल रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए जय स्तंभए अटल चौक पहुंचे। यहां कांग्रेस सांसद एवं कांग्रेस नेतृत्व के कथित रवैये के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया और आक्रोश व्यक्त करते हुए पुतला दहन किया गया। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कहा कि महिलाओं का सम्मान केवल एक नारा नहींए बल्कि भारतीय समाज के संस्कारों और राष्ट्र की गरिमा का प्रतीक है। महिलाओं एवं छात्राओं के सम्मान से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुचित व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महिला मोर्चा ने मांग की कि संबंधित सांसद देश की बेटियों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें तथा कांग्रेस नेतृत्व इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें पार्टी से निष्कासित करे। साथ ही महिला मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि भवष्यि में महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, तो भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा इससे भी व्यापक आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगा। महिला मोर्चा ने अपने प्रदर्शन के माध्यम से यह संदेश दिया कि नारी के सम्मान से समझौता नहीं किया जा सकता। महिलाओं की अस्मिताए गरिमा और अधिकारों की रक्षा के लिए महिला मोर्चा सदैव संघर्षरत रहेगा। पुतला दहन में जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, संगीता साहू, चंद्रिका गंजीर, रेखा चौहान, प्रतिमा यादव, रत्ना हिरवानी, सरोज गंगबेर, गणेश्वरी खरेंद्र, श्वेता राजपूत, छवि सार्वा, आशा पटेल

पेज 9 के शेष

बालोद नगर पालिका के 14 ...

के लिए पैसा कहां से आएगा, केवल क्रमांक 6 अटल परिसर का नर्मिाण कर पालिका प्रशासन अपनी पीठ थपथपाने में जुटा हैए जबकि बाकी शहर बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जूझ रहा है। जनता अब सीधे तौर पर पालिका नेतृत्व और प्रशासन से सवाल कर रही है कि जब काम सर्फि एक ही करना थाए तो 14 योजनाओं का ढिंढोरा पीटकर शहर की जनता की आंखों में धूल क्यों झोंकी गई। ट्रिपल इंजन सरकार के पहले बहुप्रचारित बजट की कलई अब पूरी तरह खुल चुकी है। दावों की जमीनी हकीकत यह है कि बजट पुस्तिका में गिनाई गई 14 महत्वाकांक्षी सुविधाओं में से पालिका अपने बूते एक भी वादा पूरा नहीं कर पाई है। जिस इकलौते क्रमांक 6 अटल परिसर के नर्मिाण को पालिका अपनी उपलब्धि बताकर वाहवाही लूट रही हैए वह भी वास्तव में छत्तीसगढ़ शासन की राज्यव्यापी योजना का हस्सिा हैए जो प्रदेश भर के निकायों में बनाई गई है। सीधे शब्दों में कहें तो बालोद नगर पालिका की अपनी कार्ययोजना और बजट से धरातल पर काम का आंकड़ा शून्य रहा है। बजट के मुख्य पृष्ठ पर सबसे ऊपर चमकते अक्षरों में कुल अनुमानित आय 3049.00 लाख ;30.49 करोड़द्ध और व्यय 3046.46 लाख लिखकर यह माहौल बनाया गया मानो बालोद नगर पालिका के खजाने में विकास की गंगा बहाने के लिए धन की कोई कमी नहीं है। लेकिन ठीक बगल में छपे छोटे आंकड़े पालिका की आर्थिक लाचारी की पोल खोल देते हैं। पालिका की अपनी वास्तविक आय मात्र 268.14 लाख ;लगभग 2.68 करोड़द्ध है। यानी अनुमानित आंकड़ों और जमीनी हकीकत के बीच लगभग 11 गुना से ज्यादा का फासला है। यह सीधे तौर पर जनता को भ्रमित करने वाला काल्पनिक बजट था। वास्तविक आय 268.14 लाख में से 193.50 लाख सीधे तौर पर स्थापना व्यय यानी अधिकारियों.कर्मचारियों के वेतन, भत्ते, कार्यालयीन रखरखाव और प्रशासनिक तामझाम में स्वाहा हो जाता है। अब सबसे बड़ा और तीखा सवाल यह उठता है कि जिस नगर पालिका के पास स्थापना खर्च के बाद अपने कोष में सालभर के लिए मात्र 74.64 लाख बचते हों, वहः तांदुला रिवर फ्रंट जैसा करोड़ों का प्रोजेक्ट कैसे बनातीष्द शहर के सभी प्रमुख चौकों का सौंदर्यीकरण और प्रवेश द्वार नर्मिाण कैसे कराती, महिलाओं के लिए अलग व्यायामशाला, आकांक्षीय शौचालय और शहरी गौधाम योजना का खर्च कहां से उठाती क्या 74 लाख में शहर के सभी वार्डों के तालाबों की सफाई, संवर्धन और बिजली पोलों का जाल बिछाया जा सकता था।

बालोद में नशीली ...

पर दल्ली राजहरा निवासी शंकर नायडू के कब्जे से ट्रामाडोल की 144 कैप्सूल बरामद की गईं। इनकी कीमत लगभग 936 रुपये बताई गई है। इसी प्रकार बालोद के नया पारा निवासी भूपेश्वर साहू उर्फ मंडल के कब्जे से भी इसी दवा की 144 कैप्सूल जब्त की गईं। इस तरह तीनों आरोपियों से कुल 737 कैप्सूल बरामद हुई। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 के तहत कार्रवाई की। सुशील कुमार आर्य उर्फ साईं को 10 अक्टूबर तथा शंकर नायडू और भूपेश्वर साहू उर्फ मंडल को 11 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। तीनों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। दवाइयों की परीक्षण रिपोर्ट सहित मामले की अन्य विवेचनात्मक कार्रवाई शेष है। बालोद पुलिस ने आम नागरिकों से नशीली दवाइयों के अवैध कारोबारए बिक्री और परिवहन की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की है। पुलिस ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने और नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने का भी आह्वान किया है।

चार मांगों को लेकर ...

तीसरी मांग कीट प्रकोप से फसलों को हुए नुकसान को लेकर है। संघ ने प्रभावित किसानों का आकलन कर नियमानुसार राहत देने और कर्ज माफी की मांग पर पहल करने का आग्रह किया। चौथी मांग आवारी नाला के पास स्थित गोशाला के मवेशियों से आसपास की फसलों को होने वाले नुकसान को रोकने की है। संघ ने मवेशियों को खुले में छोड़ने से रोकने के लिए उचित व्यवस्था करने की मांग की। किसान संघ ने प्रशासन से चारों मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र निराकरण करने की अपील की है। संघ का कहना है कि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

रायगढ़ में हुआ दोनों मृतकों ...

मंत्री नकुल निर्मलकर, बजरंगी छाटा, राजेश रजक, रामायण रजक, डॉ. मनहरन लाल निर्मलकर और सुनील रजक सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हैं।

समाज ने पुलिस प्रशासन से मामले में त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। साथ ही स्पष्ट किया है कि तीन दिनों के भीतर गिरफ्तारी नहीं होने पर समाज आंदोलन कर सकता है।

सभापति ने किया बालिका ...

मिलेगा तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि छात्राओं द्वारा अपने लिए निर्मित होने वाले शौचालय के भूमिपूजन में सहभागिता करना महिला सशक्तीकरण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रेरक संदेश है। इस कार्यक्रम में जनपद सभापति लता लक्ष्मीचंद साहू, सरपंच तरुणा गंवारे, उपसरपंच भूखन निषाद, खिलेश्वर साहू, सचिव धनवा राम, रोजगार सहायक तुलेश्वरी एवं समस्त पंचगण ग्रामवासी स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय सीमा का रखें ध्यान : सुनील चंद्रवंशी



बालोद। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी द्वारा आज जिला पंचायत में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित कर जनपद स्तर पर संचालित विभन्नि निर्माण कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सीईओ चंद्रवंशी ने निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थितिए स्वीकृत कार्यों के प्रारंभ होनेए कार्यों की गुणवत्ता तथा निर्धय सीमा में प्रगति सुनश्चिति करने के संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिए। समीक्षा बैठक में वीबीजीरामजी योजना के अंतर्गत अंतर्गत स्वीकृत सभी कार्यों को प्रारंभ करें। साथ ही कार्यों की प्रगति के अनुरूप नियमानुसार भुगतान की प्रक्रिया समय पर पूर्ण की जाएए ताकि निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो। बैठक में बालिका शौचालय निर्माण, मुक्तिधाम निर्माण, सड़क निर्माण सहित अन्य महत्वपूर्ण अधोसंरचना विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई।

खबर संक्षेप

प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने पकड़ा

भिलाई। धारदार हथियार से प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि उत्कल नगर दुर्ग निवासी पवन सिन्हा अपने घर जा रहे थे। तभी पड़ोसी गणेश मलिक, नीलकमल ठाकुर उर्फ नरेश ठाकुर के बीच विवाद हो रहा था। पीड़ित पहुंचकर बीच-बचाव कर विवाद शांत कराने का प्रयास किया। आरोपी ने उसे जान से मारने की नीयत से धमकी देते हुए अपने पास रखे धारदार हथियार से पेट के बाईं ओर वार करने से पीड़ित जमीन पर गिर पड़ा। शिकायत के बाद पुलिस जांच में जुट गई। पीएम आवास, ब्लॉक एल, क्वार्टर नंबर एफ/1 दुर्ग निवासी नीलकमल ठाकुर उर्फ नरेश ठाकुर को पकड़ा गया। आरोपी के पास से धारदार हथियार जब्त किया गया।

14 को संगीतमय प्रस्तुति और 15 को चुनरी यात्रा

ओखरा / मुरमुन्दा। ग्राम मोहदी में इस वर्ष भी नवरात्र महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के अमन शर्मा ने बताया कि 14 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन व जस गायक अनुराग शर्मा की संगीतमय प्रस्तुति होगी। वहीं 15 अक्टूबर को भव्य चुनरी यात्रा एवं रोड शो निकाला जाएगा।

धनोरा में विदेशों से भी जलीं 195 मनोकामना ज्योत

उतई। पावन धाम बाबा दरबार धनोरा में इस नवरात्रि कुल 195 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की गई हैं। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि इस वर्ष कनाडा और अमेरिका में रह रहे भक्तों ने भी ऑनलाइन माध्यम से मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कराई है। इसके अतिरिक्त महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, रायपुर, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़ एवं भिलाई के सैकड़ों श्रद्धालुओं की ज्योत जल रही है। प्रथम दिन पंडित विनय शर्मा एवं लक्ष्मण बाबा द्वारा विधि-विधान से घटस्थापना की गई। इस अवसर पर विनोद कुमार साहू, नंद पंडा, राजू यादव, मनसुखा साहू, मनोज पटेल, योगेश साहू, भोलू, खिलेश्वर साहू, सुंदर सपरे, बाबूलाल साहू, वासुदेव, पूर्व उपसरपंच कुंभकरण पटेल, हेमंत साहू, भजन गायक चेतन साहू तथा महिला श्रद्धालु शामिल हैं।

जेपी जयंती पर हुई गोष्ठी, किया सम्मान

भिलाई। लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान, एचएससीएल कॉलोनी जेपी प्रतिष्ठान में रूआबांधा की ओर से जेपी की जयंती पर गोष्ठी हुई। अतिथियों द्वारा उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद एचएमएस के महासचिव प्रमोद कुमार मिश्र ने स्वागत उद्बोधन दिया। छग क्रांति सेना ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनता के अधिकारों का हनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।आम नागरिकों के प्रदर्शनों को कुचलने के लिए दिल्ली को छावनी बनाना लोकतंत्र का गला घोटने जैसा है।

आयोजन : 150 पंथी कलाकारों की प्रस्तुति और मादरी नृत्य ने मोहा मन

ब्लॉक स्तरीय सतनाम भवन का लोकार्पण 53 गांवों के पांच हजार समाजजन हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज:डौंडीलोहारा



नगर के मंडी प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय सतनाम भवन लोकार्पण एवं सामाजिक सम्मेलन काआयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 53 गांवों के सतनामी समाज के लगभग पांच हजार सामाजिक जन शामिल हुए। तहसील सतनामी समाज के इतिहास में ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित यह पहला बड़ा कार्यक्रम रहा, जिसे सफल बनाने के लिए समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में नवनिर्मित सतनाम भवन में गुरु गद्दी आसन की स्थापना की गई।

वहीं सतनाम शोभायात्रा, पंथी नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और अतिथियों के उद्बोधन ने आयोजन को यादगार बनाया। कार्यक्रम के दौरान लोकधरोहर के रूप में सुप्रसिद्ध अहिवारा के सांस्कृतिक दल ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। पद्मश्री उषा बाई बारले ने पंथी गीतों के माध्यम से संत गुरु घासीदास बाबा के उपदेशों और संदेशों को प्रस्तुत किया। वहीं 150 पंथी कलाकारों ने एक साथ नृत्य की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। सिहावा का मादरी नृत्य भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

अतिथियों ने पूरे नगर में भ्रमण किया। इसके बाद फीता काटकर नवनिर्मित सतनाम भवन का लोकार्पण किया गया। नवनिर्मित जैतखाम में मुख्य अतिथि रामजी भारती पूर्व विधायक डोंगरगढ़ एवं उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ ने पालो चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। अतिथियों का शाल एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत-सम्मान किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष धनेश बघेल ने स्वागत भाषण देते हुए अपने कार्यकाल की उपलब्धियों और समाज की गतिविधियों की जानकारी दी। महासचिव लक्ष्मीनारायण बघेल ने समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार मांग पत्र का वाचन कर प्रतिवेदन अतिथियों को सौंपा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला सतनामी समाज बालोद के संरक्षक पवन जोशी ने ब्लॉक सतनामी समाज के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी को बधाई दी। उन्होंने समाज की एकता और अखंडता बनाए रखने पर जोर दिया तथा ब्लॉक सतनामी समाज को अग्रणी बताते हुए संगठन के कार्यों की प्रशंसा की। राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, विधायक अहिवारा एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ शासन ने कहा कि शासन की अपेक्षाओं के अनुरूप छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में समाज के विकास के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि नवनिर्मित सतनाम भवन केवल ईंट, पत्थर और सीमेंट से बना भवन नहीं है, बल्कि यह समाज के सर्वांगीण विकास, शिक्षा और संस्कार का केंद्र बनेगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में भूषण मारकंडेय, उतरा टंडन, डोमेश्वर देशलहरे, चन्द्रबली जोशी, गुमान महिलेश्वर, दानबाई बंजारे, अन्नु टंडन, अंजू टंडन, माहेश्वरी टंडन, पदमणी बर्मन, डोमार देशलहरे, शिव प्रसाद रात्रे, मिश्रा गायकवाड़, नवीन चंदेल, धरमेन्द चंदेल, नन्दू गायकवाड़, जागेश्वर बघेल, सतनामी समाज एवं मिनीमाता समूह डौंडीलोहारा, सियाराम डेहरे, नीलकमल बारले,मुस्कान सहित अन्य सामाजिक जनों की प्रमुख भूमिका रही।

रबी फसल बीमा की क्षतिपूर्ति अब तक घोषित नहीं, किसानों ने उठाए सवाल, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज:अंडा

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी सीजन 2025-26 की बीमा दावा एवं क्षतिपूर्ति राशि की घोषणा नहीं होने पर किसानों ने नाराजगी जताई है। प्रभावित

- क्रॉप कटिंग रिपोर्ट को लेकर विभाग और कंपनी के दावों में अंतर

किसानों को राहत दिलाने की मांग को लेकर किसान प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर तत्काल समाधान की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि समस्या का निराकरण नहीं होने पर धरना-आंदोलन किया जाएगा।

किसान प्रतिनिधियों के अनुसार, पिछले वर्षों में जुलाई-अगस्त तक ग्राम इकाईवार चना, अलसी, सरसों और गेहूं की सिंचित-असिंचित फसलों के नुकसान का प्रतिशत तथा फसलवार क्षतिपूर्ति राशि की जानकारी जारी की जाती रही है। लेकिन अक्टूबर माह शुरू होने के बाद भी बीमाकृत किसानों को नुकसान और दावा राशि के संबंध में जानकारी नहीं मिली है। इससे कर्ज, खाद-बीज और खेती की लागत के बोझ से जूझ रहे किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसान प्रतिनिधियों ने बताया कि बीमा कंपनी के अधिकारियों से चर्चा में शासन द्वारा क्रॉप कटिंग रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराने की बात सामने आई। वहीं, विभागीय स्तर पर रिपोर्ट महीनों पहले तैयार होने की जानकारी दी जा रही है। ऐसे में रिपोर्ट ऑनलाइन या ऑफलाइन भेजने की प्रक्रिया को लेकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की गई है।

किसानों ने कहा कि फसल बीमा का उद्देश्य प्राकृतिक आपदा और नुकसान की स्थिति में समय पर राहत देना है। क्षतिपूर्ति में देरी से योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने दावा भुगतान में देरी और लागू नियमों के संबंध में भी स्पष्ट जानकारी देने की मांग की।

ज्ञापन सौंपने वालों में जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के उपाध्यक्ष रिवेंद्र यादव, पूर्व अध्यक्ष केश शिल्पी कल्याण बोर्ड नंदकुमार सेन, ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष योगेश भारदीय, प्रगतिशील किसान संगठन उपाध्यक्ष बंशीलाल देवांगन, कैलाश सिन्हा, पुकेश्वर साहू, देवराज चतुर्वेदी, तुलसी देशमुख, लोकेश बंजारे, माया यादव, राहुल साहू, चंद्रशेखर साहू और डोमेंद्र देशमुख सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

80 लाख के विकास कार्यों की स्वीकृति

सेलूद। चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज, जामगांव एम उपक्षेत्र के सामाजिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करने समाज का प्रतिनिधिमंडल रायपुर पहुंचा। चंद्राकर समाज उपक्षेत्र जामगांव एम के अध्यक्ष लोकमणि चंद्राकर के नेतृत्व में समाजजनों ने विजय शर्मा से भेंट कर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। लोकमणि चंद्राकर ने बताया कि सामाजिक सम्मेलन में विजय शर्मा ने समाज की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए जामगांव एम में 53 लाख रुपये, तर्रा में 12 लाख रुपये और लोहरसी में 15 लाख रुपये के विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की थी। इस दौरान जामगांव एम उपक्षेत्र के अध्यक्ष लोकमणि चंद्राकर, सचिव भूषण चंद्राकर, लवकुश चंद्राकर, राज प्रतिनिधि कमलेश चंद्राकर, सरपंच चेतन चंद्राकर, योगेश्वरी चंद्राकर, झीठ सरपंच रूपेंद्र साहू, लोहरसी सरपंच राकेश साहू, सरपंच तुलसी सिन्हा और सरपंच कमलेश्वरी साहू आदि मौजूद थे।

बेटे के जन्मदिन पर प्रधानपाठक ने बच्चों को कराया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज:डौंडी

बच्चों के साथ खुशियां बांटने और विद्यालय में आत्मीयता का वातावरण बनाने की प्रेरणादायी पहल के तहत शासकीय प्राथमिक शाला गुदुम क्रमांक-02, संकुल केंद्र मरकाटोला, विकासखंड डौंडी में प्रधानपाठक बी.आर. भुआर्य ने अपने बेटे गोपेन्द्र भुआर्य के जन्मदिन पर आंशिक न्योता भोज का आयोजन किया।

इस दौरान विद्यार्थियों को केला, भजिया, बिस्किट और मिठाई वितरित की गई। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। प्रधानपाठक बी.आर. भुआर्य ने बेटे के जन्मदिन को केवल पारिवारिक आयोजन तक सीमित न रखते हुए विद्यालय के बच्चों के साथ मनाया। न्योता भोज में शामिल विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक व्यंजनों का आनंद लिया और गोपेन्द्र भुआर्य को जकी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने भी इस पहल को सराहनीय बताया। विद्यालयों में इस तरह के आयोजन बच्चों के बीच आपसी स्नेह, सामाजिक सहभागिता और सामूहिकता की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। विशेष अवसरों पर बच्चों के साथ खुशियां साझा करना संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देता है।

नवरात्रि पर कन्या आश्रम में नेवता भोज कर मनाया मनीष ने जन्मदिन



डौंडी। भारतीय जनता पार्टी के जिला सह कोषाध्यक्ष मनीष झा ने नवरात्रि के पावन अवसर पर आदिवासी कन्या आश्रम डौंडी में नेवता भोज आयोजित कर अपना जन्मदिन सेवा और सद्भावना के साथ मनाया। इस दौरान आश्रम की बालिकाओं को खीर, पूड़ी, सब्जी, चावल और दाल सहित स्वादिष्ट भोजन कराया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनीष झा के साथ केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं और उनके स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना की। नवरात्रि में कन्या सेवा की भावना के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम में बालिकाओं के बीच उत्साह का माहौल रहा।इस अवसर पर दिनेश अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन्तिन चौरका, उपाध्यक्ष संजीव मानकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राजस्तरीय महिला सम्मेलन में महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज:डौंडीलोहारा





नगर स्थित मरार पटेल सामाजिक भवन में रविवार 11 अक्टूबर को डौंडीलोहारा राज स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया।

- महिलाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता के प्रति किया जागरूक

राज में पहली बार आयोजित इस सम्मेलन में 80 महिलाओं एवं 40 पुरुषों सहित समाज के कुल 120 सदस्यों ने भाग लिया।

सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज के विकास में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना तथा महिलाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डौंडीलोहारा राज के अध्यक्ष सियाराम पटेल उपस्थित रहे। महासचिव एवं प्रदेश सलाहकार बेदलाल पटेल तथा राज के सचिव विजय कुमार पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। विशेष वक्ता के रूप में डॉ. वीणा प्रजापति, डॉ. गिरिजा शंकर प्रजापति एवं तहसील युवा प्रकोष्ठ गुंडरदेही के अध्यक्ष नीलकंठ पटेल शामिल हुए। विशेष वक्ता डॉ. वीणा प्रजापति एवं डॉ. गिरिजा शंकर प्रजापति ने महिला सशक्तिकरण, मासिक धर्म के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों तथा स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। नीलकंठ पटेल ने योग, गौसेवा, स्वास्थ्य, कृषि एवं बेहतर जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने समूह बनाकर शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को इन योजनाओं से जुड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया।

सम्मेलन में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कविता के माध्यम से समाज को नशापान से दूर रहने और नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। इस अवसर पर संरक्षक नारायण पटेल, सलाहकार दशरथ पटेल, रिखी पटेल, शशि पटेल, ओमप्रकाश पटेल, गोपाल पटेल, दिव्या पटेल, भुनेश्वरी पटेल सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

सकरौद में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के विरोध में पुतला दहन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

गुण्डरदेही क्षेत्र के ग्राम सकरौद स्थित भारत माता चौक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के विरोध में पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिसकर्मी के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार के विरोध में प्रदर्शन करते हुए पुलिस की वर्दी की गरिमा और कानून के रक्षकों के सम्मान का मुद्दा उठाया गया। इस दौरान उपस्थित भाजपा एवं भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने नारी सम्मान और पुलिस की वर्दी के सम्मान को लेकर अपना विरोध जताया।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, भाजयुमो महामंत्री बालोद अनूप देशमुख, ग्राम पंचायत सकरौद के उपसरपंच हेमंत साहू, भाजयुमो अध्यक्ष ओटेबंद मंडल तुलसी साहू, महामंत्री डिलेंद्र कुमार साहू, उपाध्यक्ष नेमचंद्र साहू, जालेश्वर पटेल, प्रदीप साहू, मीडिया प्रभारी कुलदीप वर्मा, नरेंद्र यादव, लोकेश साहू, भूपेंद्र देवांगन एवं पूनम साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने नारी सम्मान और पुलिस की वर्दी की गरिमा बनाए रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि कानून के रक्षकों के सम्मान और समाज में महिलाओं की प्रतिष्ठा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

स्वैच्छिक रक्तदान के जरिए मानव सेवा का दिया संदेश

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर कमलेश सिंह ने 44वीं बार किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज:डौंडीलोहारा





सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडीलोहारा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के लिए लोगों को प्रेरित करना रहा। इस दौरान कमलेश सिंह ठाकुर ने 44वीं बार रक्तदान कर मानव सेवा की प्रेरणादायक मिसाल पेश की।

रक्तदान को महादान कहा जाता है, क्योंकि किसी जरूरतमंद मरीज के लिए समय पर रक्त की उपलब्धता जीवनरक्षक साबित हो सकती है। दुर्घटना में घायल लोगों, गंभीर रूप से बीमार मरीजों और प्रसव के दौरान रक्त की आवश्यकता वाले मरीजों के उपचार में रक्तदान की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदाताओं का योगदान स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती प्रदान करता है। शिविर में खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ), बीटीईओ, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर (बीपीएम) सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा रक्तदान के लिए पहुंचे लोगों की सहभागिता रही। शिविर के माध्यम से लोगों को रक्तदान के महत्व से अवगत कराते हुए इस पुनीत कार्य में आगे आने का संदेश दिया गया। कमलेश सिंह ठाकुर द्वारा 44वीं बार रक्तदान करना समाज के लिए प्रेरणादायक है।

उनका यह निरंतर योगदान बताता है कि नियमित स्वैच्छिक रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता की जा सकती है। उनके इस प्रयास से युवाओं और अन्य लोगों को भी रक्तदान के प्रति जागरूक होने तथा मानव सेवा के कार्यों में भागीदारी निभाने की प्रेरणा मिलती है। शिविर के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि रक्तदान केवल एक व्यक्ति की मदद नहीं, बल्कि मानवता के प्रति जिम्मेदारी निभाने का माध्यम है। समाज के अधिक से अधिक लोगों के स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिल सकती है।



खबर संक्षेप



प्राणघातक हमला करने वाला गिरफ्तार

भिलाई। शराब की कांच की बोतल तोड़कर युवक की गर्दन पर जानलेवा हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि बाबा धाम तालाब के पास वाहन खाली करने की बात को लेकर संजय कुमार और डाक बंगाल पुरैना निवासी अरविंद करवा का विवाद हुआ। इसी दौरान आरोपी गाली-गलौज करते हुए शराब की कांच की बोतल तोड़कर पीड़ित के गले में वार कर फरार हो गया था। सूचना पर पुलिस ने आरोपी अरविंद करवा को पकड़ा गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड की कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि जिले में संदिग्धों की धरपकड़ की जा रही है। इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है। सभी थाना पुलिस को इसके लिए निर्देशित किया गया है। इसके बाद पुलिस ने सर्चिंग बढ़ा दी है। रात के समय संदिग्ध गतिविधियों वाले लोगों से पूछताछ की जा रही है। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर तलाशी ली जा रही है।

रात का पारा सामान्य से एक डिग्री कम

दुर्ग। बारिश का दौर अब लगभग खत्म हो गया है। प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों से मानसून रुखसत हो गया है। ठंड का मौसम आने को है, इस बीच दिन में तेज धूप के कारण गर्मी और उमस बढ़ गई है। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है, जो सामान्य से 0.5 डिग्री अधिक है। वहीं रात का न्यूनतम तापमान 22 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 1.3 डिग्री कम रहा। वहीं शाम को सूरज ढलने का समय 5.44 बजे रहा। वहीं सूर्योदय का समय 5.59 बजे रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2-3 दिनों में मौसम में बदलाव के आसार है। उत्तर-पश्चिम की ठंडी हवाओं का असर छत्तीसगढ़ के अलग-अलग हिस्सों में पड़ने वाला है। आगामी दिनों में मौसम साफ रहेगा। फिलहाल मैदानी इलाकों में जहां दिन के समय गर्मी बढ़ रही है, वहीं सरगुजा संभाग के कुछ इलाकों में रात का मौसम ठंडा होने लगा है। ठंडी हवाओं का असर धीरे-धीरे पूरे छत्तीसगढ़ में बढ़ने वाला है। इस बार बारिश के सीजन में जिले में सामान्य से 1 प्रतिशत कम बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक 1 जून से 30 सितंबर तक 976.5 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि सामान्य औसत 984.8 मिलीमीटर का है।

मवेशियों को लेकर जा रहे तीन युवकों को पुलिस ने पकड़ा

भिलाई। क्रूरता पूर्वक भैंस और उसके बच्चे को वाहन में ले जाते हुए तीन युवकों को वाहन समेत पकड़ा है। सुपेला पुलिस ने बताया कि युवराज साहू खुर्सीपार गौशाला से वापस आ रहा था। इस दौरान भोर 4 बजे सुपेला घड़ी चौक के पास बुलेरो पिकअप एमएच 35 एजे 5459 में भैंस और उसके बच्चे को क्रूरतापूर्वक ले जाया जा रहा था। वाहन के सिग्नल पर रुकने के दौरान पूछताछ करने पर वाहन में सवार युवकों ने मवेशियों को महाराष्ट्र के गोंदिया ले जाना स्वीकार किया। लेकिन उनके पास किसी भी प्रकार का कोई भी दस्तावेज नहीं मिला। सूचना पर रवि साहू, रवि वर्मा, राहुल शाह मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की सहायता से वाहन को रोका गया। वाहन की जांच करने पर लगभग छह वर्ष की भैंस एवं लगभग एक वर्ष का उसका बच्चा रस्सी से बंधा मिला।

पर्व : नवरात्रि में भक्तिमय हुआ माहौल

शीतला मंदिर में 26 ज्योति कलश स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा



गुण्डरदेही क्षेत्र के ग्राम परसदा (डगनिया) स्थित मां शीतला मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ 26 ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। नवरात्रि के प्रथम दिन से ही मंदिर में धार्मिक माहौल बना हुआ है। ज्योति कलश स्थापना के साथ ही श्रद्धालुओं में मां दुर्गा और मां शीतला की आराधना को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्रामीणों द्वारा मां शीतला की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर माता के दर्शन कर रहे हैं और परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं क्षेत्र की उन्नति की कामना कर रहे हैं। मंदिर परिसर में ज्योति कलश की स्थापना के बाद वातावरण भक्तिमय हो गया है। नवरात्रि के दौरान माता की आराधना और धार्मिक परंपराओं के निर्वहन से गांव में आस्था की झलक दिखाई दे रही है।

इस अवसर पर शीतला मंदिर के अध्यक्ष मनीष साहू, सचिव मिलेश्वर एवं कोषाध्यक्ष नेतुराम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं मंदिर के बैगा श्री बलदराम साहू और श्री कुंजलाल साहू द्वारा धार्मिक परंपराओं के अनुसार ज्योति कलश स्थापना का कार्य संपन्न कराया गया। ग्रामीणों की आस्था का केंद्र मां शीतला मंदिर में नवरात्रि पर्व को लेकर उत्साह का माहौल है।

नवरात्रि का पर्व शक्ति की उपासना, श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। इन नौ दिनों में श्रद्धालु माता की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। ग्राम परसदा (डगनिया) में भी 26 ज्योति कलश की स्थापना के साथ नवरात्रि पर्व की धार्मिक शुरुआत उत्साहपूर्वक हुई है।

दियाबाती में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित शीतला मंदिर में ज्योत-जंवारा प्रज्वलित



गुरूर। क्वांर नवरात्र महोत्सव के तहत ग्राम दियाबाती में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना एवं शीतला मंदिर में ज्योत जंवारा स्थापना का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू थी। अध्यक्षता सभापति कृषि विभाग जनपद पंचायत गुरूर हेमंत साहू ने किया। विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत दर्रा पुजा ठाकुर, उपसरपंच ग्राम पंचायत दर्रा नरसिंह सन्हा, पंच उर्मिला साहू, शिवकुमारी, भारती साहू, मनीराम साहू, ग्रामीण द्वारिका साहू, मिश्री लाल साहू व चोवाराम साहू के साथ अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

कन्हारपुरी में कलश यात्रा के साथ मां शीतला की मूर्ति स्थापित



गुरूर। ग्राम कन्हारपुरी में नवरात्रि के पावन पर्व पर कलश यात्रा एवं मां शीतला के मूर्ति का स्थापना किया गया। जिसमें समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे। जिसमें ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष उत्तम कुमार साहू, सचिन अश्वनी कुमार साहू, ग्राम पटेल मदन कुमार साहू, सरपंच तेजराम साहू एवं ग्राम विकास समिति के सदस्य सबसे पहले भगवानी राम साहू, खूब लाल साहू, दुकेश्वर साहू, पवन साहू, वासुदेव साहू, गेंद लाल, थान सिंह साहू, धनशाय विश्वकर्मा, धनेश यादव, भगवान सिंह देवांगन, शैलेश विश्वकर्मा, छगन देवांगन बीनू ठाकुर, संतोष बांधव व ग्रामवासी उपस्थित थे।

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज ने परिवार सहित किए मां बम्लेश्वरी के दर्शन



अंडा। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज सहपरिवार जिला राजनांदगांव स्थित प्रसिद्ध डोंगरगढ़ माँ बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन किए। श्री साहू ने अपने परिवार जनों के साथ मां बड़ी बम्लेश्वरी एवं मां छोटी बम्लेश्वरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि मां बम्लेश्वरी समस्त छत्तीसगढ़ वासियों की आस्था का केंद्र हैं और नवरात्रि में यहां दर्शन मात्र से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मां की कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति एवं मंगल बना रहे, यही प्रार्थना है। दर्शन के दौरान मंदिर ट्रस्ट समिति एवं परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्री साहू से आत्मीय भेंट की।

श्री विष्णु मंदिर ओटेबंद में नवरात्रि 100 ज्योति कलश स्थापित



अण्डा। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर गुण्डरदेही क्षेत्र के ग्राम ओटेबंद स्थित श्री विष्णु मंदिर में नवरात्रि पर्व की तैयारियां जोर-शोर से किया गया। मंदिर में मां दुर्गा की आराधना के लिए ज्योति कलश स्थापना किये गये है। इस वर्ष मंदिर में लगभग 100 ज्योति कलश स्थापित किए गये है। पंडित शिवम मिश्रा, शोभा राम साहू के मार्गदर्शन में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे। नवरात्रि के दौरान मंदिर में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना, आरती एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से भक्तिमय वातावरण रहेगा। नवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। मां दुर्गा के भक्त ज्योति कलश प्रज्वलित कर सुख-समृद्धि, खुशहाली और परिवार की मंगलकामना के लिए पूजा-अर्चना करेंगे।

नवरात्रि पर जसवंत सिन्हा ने पांच गांवों में किए माता रानी के दर्शन

बालोद/सिकोसा। नवरात्रि के प्रथम दिन जसवंत सन्हा ने विभन्नि गांवों में पहुंचकर पूजा अर्चना कर माता रानी से सुख समृद्धि की कामना की। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के प्रथम दिन जसवंत सिन्हा ने परसवानी, चिचबोड, भोथीपार, खपरी एवं डगनिया गांव पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए। इस अवसर पर उन्होंने विभन्नि गांवों में आयोजित दीप प्रज्वलन, माता की आरती एवं पूजा.अर्चना के कार्यक्रमों में सहभागिता निभाई तथा विधि.विधान से माता रानी की पूजा कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की, साथ ही साथ सरेखा में भेंट मुलाकात किया। नवरात्रि के पावन अवसर पर गांवों में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला, श्रद्धालुओं ने माता रानी के जयकारों के साथ श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक पूजा अर्चना की। इस दौरान जसवंत सिन्हा ने कहा कि मां दुर्गा की कृपा सभी पर बनी रहे तथा समाज में प्रेम, सद्भाव, एकता और भाईचारा निरंतर मजबूत हो।



- पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना

उन्होंने कहा कि नवरात्रि का पर्व हमारी आस्था, संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ ही आपसी स्नेह एवं सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं। इस अवसर पर उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।



कजराबांधा में आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण, माता दुर्गा की मूर्ति स्थापित

हरिभूमि न्यूज. बालोद/सिकोसा

ग्राम कजराबांधा में आंगनबाड़ी केंद्र के लोकार्पण एवं माता दुर्गा मूर्ति स्थापना, दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर शामिल हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं माता दुर्गा की पूजा अर्चना के साथ की गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के प्रारंभिक विकास, पोषण एवं शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से छोटे बच्चों के साथ गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को भी विभन्नि योजनाओं का लाभ मिलता है। उन्होंने केंद्र का बेहतर संचालन एवं बच्चों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया। विधि-विधान से पूजा अर्चना कर माता दुर्गा से ग्राम एवं क्षेत्र की सुख समृद्धि शांति और खुशहाली की कामना की गई। माता दुर्गा की मूर्ति स्थापना के अवसर पर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। पूरे परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और वातावरण भक्तिमय बना हुआ था।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य पूर्णिमा साहू, पूर्व सदस्य जिला पंचायत बालोद पुष्पेन्द्र चंद्राकर, सरपंच खोमलाल साहू, उपसरपंच पुष्पेन्द्र साहू, पूर्व ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष भेष चंद्राकर, मंसाराम साहू, पूर्व उपसरपंच नम्मू लाल साहू, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष नरोत्तम साहू, हेमन्त साहू, रामायण साहू, संतराम साहू, तोरण लाल साहू, धरम पटेल, बलवन्त साहू एवं ढाल साहू सहित जनप्रतिनिधि, सामाजिक पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

भाजयुमो ने प्रियंका गांधी के विरोध में किया पुतला दहन



गुरूर। भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल सनौद में कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी के विरोध में पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिसकर्मी के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार के विरोध में पुलिस की वर्दी की गरिमा एवं कानून के रक्षकों के सम्मान के समर्थन में आवाज बुलंद की गई। कार्यक्रम भाजयुमो मंडल सनौद के नेतृत्व में नगर पंचायत पलारी में सम्पन्न हुआ। जिसमें भाजपा मंडल के महामंत्री ढगू हिरवानी, ललित गजेंद्र, भाजयुमो अध्यक्ष मितेश साहू, भाजयुमो महामंत्री सनौद पूरब देवांगन, त्रिभुवन सोनबेर, एसटी मोर्चा अध्यक्ष भोला वैका, एससी मोर्चा अध्यक्ष घनश्याम देवदास, जनपद सदस्य आशीष साहू, जिला युवा मोर्चा कौसल सन्हा, पार्षद गजेंद्र महमल्ला, कोषाध्यक्ष मुकेश सोनबेर, मंत्री पूरण साहू, द्वारिका साहू, पार्षद संतोष कुर्रे, संयोजक नरोत्तम साहू, सह संयोजक चम्पेश्वर गुरूपंच, बूथ अध्यक्ष हेमलाल साहू, महेश्वर साहू, रूप राम साहू, नवीन चांडक, प्रेम सोनबेर, महेश साहू, सनत सन्हा, अमन, मीडिया प्रभारी बट्टू देवांगन, गुलशन साहू, विकास वैष्णव, अभय राम सोनगुर्द उपस्थित थे।

बीईओ राजेश कुमार ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण



बालोद। नए विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार लगातार विकासखंड के स्कूलों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान उन्होने संकुल केंद्र जुंगेरा के शासकीय प्राथमिक शाला खुर्सीपार का निरीक्षण कर बच्चों को हिंदी भाषा पठन कौशल का परीक्षण किया तथा पहाड़ा वाचन अवलोकन के दौरान कक्षा दूसरी के बच्चे के द्वारा 31 का पहाड़ा वाचन करने पर सराहना की गई।

उन्होने सभी शिक्षिकों शाला संचालन समय का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया गया। वही शासकीय प्राथमिक शाला मनौद का निरीक्षण के दौरान कक्षा दूसरीए तीसरी एवं चौथी के बच्चों को पठन कौशल का मूल्यांकन किया गया। सभी बच्चों को पठन कौशल में दक्ष बनाने के लिए निरंतर अभ्यास करने के निर्देश दिए गए है। प्राथमिक शाला मनौद में भवन डस्मिेंटल के पश्चात कक्षा संचालन हेतु बैठक व्यवस्था में आ रही समस्या का निराकरण करने के लिए विशेष प्रस्ताव बनाकर भवन नर्मिाण के लिए विशेष प्रयास किया जाएगा, ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया। अवलोकन के दौरान संकुल समन्वयक जुंगेरा गिरवर लाल देवांगन की उपस्थित थे।

गन्ना खरीदी दर 355 से बढ़कर 425 प्रति क्विंटल किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री साय का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज:बालोद



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार किसानों को उनकी मेहनत का बेहतर प्रतिभा दिलाने, खेती को लाभकारी बनाने और किसान परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि लागत कम करने की दिशा में काम कर रही है। राज्य सरकार किसानों की जरूरतों और समस्याओं को ध्यान में रखकर लगातार नर्णिय ले रही है।

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर के नेतृत्व में किसान मोर्चा जिला बालोद के अध्यक्ष सुरेन्द्र देशमुख एवं साथियों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर गन्ना उत्पादक किसानों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया था तथा किसान मोर्चा के साथियों ने गन्ना खरीदी के दर में वृद्धि की मांग की थी, जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार करते हुए गन्ना खरीदी की दर में वृद्धि की है। छत्तीसगढ़ में गन्ने की खरीदी 355 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही थी परंतु अब 425 रुपए प्रति क्विंटल के दर से खरीदी की जाएगी, इस तरह प्रति क्विंटल 70 रुपये की बढ़ोतरी की गई है।

किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र देशमुख ने कहा की जिले में संचालित मां दंतेश्वरी मैय्या सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित करकाभाट जिला बालोद में शक्कर उत्पादन के लिए जिले के किसान अधिक मात्रा में गन्ना का उत्पादन करेंगे और सरकार की महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण में सहभागी बन अपनी आर्थिक समृद्धि को प्राप्त करेंगे। गन्ना उत्पादन से फसल चक्र परिवर्तन होने से भूमि की उर्वरा शक्ति भी बनी रहेगी। किसान मोर्चा जिला बालोद ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री साय के प्रति कृतज्ञता एवं उनका आभार व्यक्त करती है, जिन्होंने गन्ना खरीदी का मूल्य वृद्धि के साथ साथ यह भी घोषणा किया कि 2025–26 में खरीदे गए गन्ना का भुगतान भी बढ़ी हुई दर के आधार पर किया जाएगा।

जनदर्शन में संयुक्त कलेक्टर ने सुनीं लोगों की मांगें और समस्याएं

बालोद। कलेक्टर के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के विभन्नि स्थानों से पहुँचे लोगों से बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में दल्लीराजहरा की जानकी बाई ने राशन कार्ड बनानेए ग्राम सुंदरा की पुष्पा बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का ग्रामीण को लाभ दिलाने तथा ग्राम नाहंदा के कांति ने मकान के लिए क्षतिपूर्ति राशि दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह जनदर्शन में विभन्नि ग्रामों से पहुँचे आमजनों ने भी अपनी मांगों और समस्याओं से अवगत कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। जिस पर विधि सम्मत कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। जनदर्शन में आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम टेकापार के गेश्वर प्रसाद नेताम ने पिछले दो साल से कम सुनाई देने की समस्या पर श्रवण यंत्र प्रदाय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाते हुए मौके पर ही समाज कल्याण विभाग के माध्यम से प्रकरण का तत्काल निराकरण कराया गया। अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य ने हितग्राही गेश्वर प्रसाद नेताम को श्रवण यंत्र प्रदान किया। मौके पर ही त्वरित सहायता प्राप्त होने पर आवेदक ने जिला प्रशासन के प्रति सहृदय आभार व्यक्त किया।

- जनदर्शन में तत्काल मिला श्रवण यंत्र, गेश्वर प्रसाद की समस्या का मौके पर निराकरण



मिनीमाता जतन योजना से पितेश्वरी को मिले 20 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज:बालोद



श्रमिक परिवारों की माताओं और बहनों को मातृत्व के दौरान आर्थिक सुरक्षाए सम्मान और सुपोषण उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं ग्रामीण अंचलों में जीवन स्तर को बेहतर बना रही हैं। श्रमिक कल्याण और महिला सशक्तिकरण की योजनाओं का दोहरा लाभ पाकर माताएं न केवल अपने बच्चों का बेहतर पालन-पोषण कर रही हैं। बल्कि आत्मनिर्भरता का अनुभव भी कर रही हैं। जिले के ग्राम हीरापुर की निवासी पितेश्वरी साहू इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं।

ग्राम हीरापुर निवासी पितेश्वरी साहू ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत अपना श्रमिक पंजीयन कराया था। पहले बच्चे के जन्म के समय उन्हें मिनी माता महतारी जतन योजना के तहत 20 हजार रुपए की एकमुश्त सहायता राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि इस राशि को उन्होंने फिजूलखर्ची में न लगाकर अपने बच्चे के समुचित भरण पोषणए स्वास्थ्य और उसके सुरक्षित भवष्यि की बचत के रूप में सहेज कर रखा है। साहू ने बताया कि मिनीमाता योजना के साथ साथ उन्हें छत्तीसगढ़ शासन की महतारी वंदन योजनाष के तहत भी प्रतिमाह 01 हजार रुपए की वित्तीय सहायता नियमित रूप से प्राप्त हो रही है। इस मासिक राशि का उपयोग वे अपने मोबाइल रिचार्ज तथा घर गृहस्थी के छोटे मोटे रोजमर्रा के खर्चों को पूरा करने में करती हैं। उन्होंने कहा कि सही समय पर मिलने वाली इस सहायता से परिवार में आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ता और महिलाओं का आत्मसम्मान बढ़ा है। पितेश्वरी साहू ने श्रमिक माताओं की जरूरतों को समझकर योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के लिए प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति सहृदय आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विष्णु भैया की सरकार माताओ बहनों की हर जरूरत का ख्याल रख रही है। यह योजनाएं हमारे जीवन का सच्चा सहारा हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

